हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 सितंबर 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 योग-ध्यान से तनावमुक्त कार्यशैली, लंबित मामलों...



07 पर्युषण पर्व के समापन व सिद्धी तप की तपस्या...



## खबर संक्षेप

### सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता



**सीहोर।** गत दिवस नगर के पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्र कला एवं भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार यह आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सुशील ताम्रकार ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के प्रतिस्पर्धात्मक आयोजनों से छात्र छात्राओं का बौद्धिक विकास होता है। साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। छात्र-छात्राए अपने भविष्य के लिए भी निरंतर मेहनत करते रहे, एक दिन समफलता जरूर मिलेगी। मुख्य अतिथि व स्कूल की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

### इछावर से भोपाल की ओर जा रहा खाद्य तेल से भरा टैंकर खाई में गिरा

# देलावाड़ी घाट पर हुआ हादसा, चालक की मौत, डायल-112 ने रेस्क्यू कर निकाला

हादसे में टैंकर चालक की मौत, वही टैंकर बुरी तरह हुआ क्षतिग्रस्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के देलावाड़ी घाट पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे ने सनसनी फैला दी। इछावर से भोपाल की ओर जा रहा खाद्य तेल से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। टैंकर के खाई में पलटते ही चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही डायल-112 और रेहटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

#### खाई में पलटते ही टैंकर में फंसा चालक

प्रत्यक्ष स्थिति के अनुसार, देलावाड़ी घाट के खतरनाक मोड़ पर खाद्य तेल से लदा टैंकर नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते वाहन सड़क से नीचे गहरी खाई में जा पलटा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसके अंदर फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

#### डायल-112 की टीम ने संभाला मोर्चा

सूचना मिलते ही डायल-112 FRV-18 और रेहटी थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। एएसआई ताबिश खान और पायलट कपिल रघुवंशी ने हालात का जायजा लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से टैंकर में फंसे चालक को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत शुरू की गई। टीम ने जोखिम उठाते हुए रेस्क्यू कर चालक को वाहन से बाहर निकाला।

#### डायल-112 वाहन से अस्पताल पहुंचाया

रेस्क्यू के बाद चालक को तत्काल डायल-112 वाहन से शासकीय अस्पताल रेहटी ले जाया गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

#### मृतक की हुई पहचान

एसडीओपी रवि शर्मा के अनुसार, मृतक की पहचान आनंद पिता कृपाल सिंह (25), निवासी भाऊखेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आनंद ही खाद्य तेल से भरे टैंकर का चालक था। हादसे के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। देलावाड़ी घाट पर हुए हादसे के बाद रेहटी पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। टैंकर किस वजह से अनियंत्रित हुआ, क्या तेज रफ्तार थी या घाट के मोड़ पर चालक का नियंत्रण बिगड़ा। इन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को खाई से बाहर निकालने की कार्रवाई भी की जा रही है।

#### पुलिस टीम की तत्परता की सराहना

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने डायल-112 FRV-18 की टीम की तत्परता की सराहना की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर एएसआई ताबिश खान और पायलट कपिल रघुवंशी ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर टैंकर में फंसे चालक को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

# आईएएस अफसरों के आदेश के बाद भी जपं की लापरवाही

### 6 माह बाद भी नहीं हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की किस कदर अनदेखी की जाती है, इसकी बानगी सीहोर की ग्राम पंचायत झरखेड़ा में सामने आए करोड़ों के दुकान निर्माण घोटाले में साफ देखी जा सकती है। जिले में पदस्थ रहे दो-दो आईएएस अफसरों के सख्त और स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जनपद पंचायत सीहोर की हीलाहवाली के चलते छह महीने बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। पूरे मामले में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती के बावजूद निचली स्तर की सुस्ती हैरान करने वाली है। तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने लगभग दो वर्ष पूर्व इस पूरे फर्जीवाड़े की जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए थे। इधर वर्तमान जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी 2 मार्च को जनपद पंचायत सीहोर की सीईओ को आधिकारिक पत्र भेजकर झरखेड़ा में 17 दुकानों के अवैध निर्माण और अवैध आवंटन के मामले में दोषियों के खिलाफ दोराहा थाने में मामला दर्ज कराने के लिखित आदेश दिए थे। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट पाया गया था कि यह निर्माण कार्य मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम तथा स्थावर संपत्ति अंतरण नियम 1994 का खुला उल्लंघन है।

#### क्या है पूरा मामला

ग्राम पंचायत झरखेड़ा में वर्ष 2017 से 2019 के दौरान बिना किसी सक्षम प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति के बेशकीमती शासकीय भूमि पर 17 दुकानों का निर्माण कराया गया। तत्कालीन सरपंच सविता और सचिव मनोहर पर आरोप हैं कि उन्होंने दुकानों के आवंटन के नाम पर दुकानदारों से लाखों रुपए ऐंठे, लेकिन उसकी कोई वैध सरकारी रसीद जारी नहीं की गई। पूरी प्रक्रिया में पूर्व सरपंच के पति का भी अनुचित हस्तक्षेप और साठगांठ पाई गई।

#### बयानों में उलझा मामला

आईएएस अफसरों के निर्देशों का पालन कराने के बजाय अब जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर मामला टाल रहे हैं। जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल का कहना है कि दोराहा थाने में मामला दर्ज कराने के लिए जो भी आवश्यक दस्तावेज चाहिए थे, वे उपलब्ध करा दिए गए हैं। अब आगे की कानूनी कार्रवाई पुलिस को करनी है। इधर दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा का कहना है कि जनपद पंचायत द्वारा भेजे गए दस्तावेज अधूरे हैं। मामले में अभियोजन से कानूनी राय ली जानी बाकी है और जांच जारी है।

#### ग्रामीणों में नाराजगी उठ रहे सवाल

वरिष्ठ आईएएस अफसरों के आदेश के बाद भी आधा साल बीत जाने पर एफआईआर दर्ज न होने से झरखेड़ा के ग्रामीणों में नाराजगी है। एक तरफ जनपद सीईओ का दावा है कि औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं तो दूसरी तरफ पुलिस दस्तावेज अधूरे होने का बहाना बना रही है। अफसरों की इस आपसी खींचतान और सुस्ती के चलते शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले और लाखों का फर्जीवाड़ा करने वाले बैफिक्र हैं।

# पटवारी से अभद्रता, पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्यामपुर तहसील अंतर्गत ग्राम अहमदपुर में शासकीय कार्य के दौरान एक पटवारी के साथ अभद्रता करने और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला सामने आया है। घटना से नाराज मप्र पटवारी संघ (तहसील श्यामपुर) ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। पटवारी संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार बीते 12 अगस्त को तहसीलदार के निर्देशों का पालन करते हुए हल्का पटवारी सुधीर चतुर्वेदी ग्राम अहमदपुर में सरकारी रास्ते की जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि जांच प्रक्रिया के दौरान गांव के जगदीश गुर्जर, विजय गुर्जर, सतीश ठाकुर, महेंद्र गुर्जर और राहुल गुर्जर ने पटवारी के साथ विवाद करते हुए अभद्रता की।

#### शासकीय दस्तावेज छीनने का आरोप

संघ का आरोप है कि उक्त लोगों ने पटवारी सुधीर चतुर्वेदी के हाथ से शासकीय दस्तावेज छीनने का प्रयास किया और उन्हें धमकाते हुए जांच का काम जबरन रुकवा दिया। शासकीय कर्मचारी को उसके कर्तव्य पालन से रोकना और शासकीय दस्तावेजों से छेड़छाड़ की कोशिश करना गंभीर दंडनीय अपराध है।

#### पटवारी संघ ने की सुरक्षा की मांग

घटना के बाद से क्षेत्र के पटवारियों में भारी रोष व्याप्त है। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि मैदान में काम कर रहे राजस्व कर्मचारियों के साथ इस तरह का व्यवहार होगा तो सीमांकन, नामांतरण और रास्तों से जुड़े विवादों का निराकरण करना मुश्किल हो जाएगा। पटवारी संघ ने मांग की है कि घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़ित पटवारी सुधीर चतुर्वेदी को शासकीय कार्य के दौरान उचित सुरक्षा प्रदान की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तहसीलदारों और थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए जाएं।

#### कार्रवाई न होने पर दी चेतावनी

पटवारी संघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो श्यामपुर तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर मिनी बाइज को 2-0 से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को डीएसवायडब्ल्यू और सीहोर मिनी बाइज के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मैच में अराफात और वरण ने 1-1 गोल किया। जिससे डीएसवाय डब्ल्यू की टीम 2-0 से जीती। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन की ओर से सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, मनोज कन्नोजिया, सीनियर कोच सुयश कन्नोजिया, मनोज अहिरवार आदि ने यहां पर जारी निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि चर्च मैदान पर यहां पर आने वाले खिलाड़ियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा मैदान पर बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार की शाम को एक मात्र मुकाबला डीएसवाय डब्ल्यू और सीहोर मिनी बाइज के मध्य खेला गया। इसमें डीएसवाय डब्ल्यू ने सीहोर मिनी बाइज को 2-0 से हराया।

# सीहोर क्लब में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के शुगर फैक्ट्री के के साथ सीहोर क्लब में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं वार्ड 24 के पार्षद अजय सिंह के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 101 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा दवाइयों का वितरण भी किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरा आधा दर्जन से अधिक डॉक्टरों की टीम ने यहां पर आने वाले लोगों का उपचार और दवाई का वितरण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक ने बताया कि डॉक्टर रुचि सोनकर वर्मा, डॉक्टर ख्याति नरापुरे, डॉक्टर प्रदीप्ता यादव, डॉक्टर सुनील मीना आदि शामिल थे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने शिविर के आयोजन के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी, पार्षद एवं सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस सोसाइटी के विपुल चांडक, डॉक्टर गगन नामदेव, एस सी. वशिष्ठ, ललिता कुशवाह, पार्षद अजय सिंह, पार्षद नरेंद्र राजपूत, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

### मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर परिषद ने चलाया विशेष छिड़काव अभियान



**बुधनी।** नगर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप और इनसे फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर परिषद ने विशेष कीटनाशक छिड़काव अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत रविवार को नगर के वार्ड क्रमांक 3,4, 7,10,11,12 एवं 13 में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराया गया नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन के निर्देश तथा सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छिड़काव किया गया नगर परिषद का कहना है कि डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा नगर परिषद ने नागरिकों से घरों और आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा नहीं होने देने,नियमित साफ-सफाई रखने तथा मच्छरों की उत्पत्ति रोकने में सहयोग करने की अपील की है अधिकारियों के अनुसार मच्छरों की रोकथाम के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यकता के अनुसार कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराया जाएगा।

### अग्रवाल महिला मंडल की भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

# पहले ही दिन पंडाल पड़े छोटे, सड़कों और गलियों में दिखी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के पहले ही दिन श्रद्धालुओं की ऐसी भीड़ उमड़ी कि कथा के लिए लगाए गए पंडाल छोटे पड़ गए। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल के बाहर सड़क, गली और आसपास उपलब्ध स्थानों पर बैठकर कथा का श्रवण करते नजर आए। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। जैसे-जैसे कथा का समय नजदीक आया, धर्मशाला परिसर और आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली गई। भादों माह में पिछले 27 वर्षों से अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित की जा रही यह भागवत कथा शहर की धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण आयोजन बन चुकी है। इस वर्ष यह आयोजन 27वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। कथा को लेकर शहर के विभिन्न महिला मंडलों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है। वर्षों से इस व्यास पीठ से लगातार कथा का आयोजन होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु इससे भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। आयोजन की खास बात यह है कि वर्षों से कथा का यह क्रम बिना किसी विराम के जारी है। सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को सादगीपूर्ण वातावरण में शोभायात्रा के साथ किया गया। शोभायात्रा शहर के श्री सत्यनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर खजांची लाइन स्थित श्रीजी मंदिर पहुंची। इसके बाद यात्रा कथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग में क्षेत्रवासियों ने श्रद्धा के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। धार्मिक ध्वज और भक्ति के वातावरण के बीच निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कथा स्थल पहुंचने के बाद विधिवत भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से आयोजन स्थल पर जगह कम पड़ गई। पंडाल के अंदर स्थान नहीं मिलने पर श्रद्धालु बाहर सड़क और आसपास की गलियों में बैठकर कथा सुनते रहे। कई श्रद्धालुओं ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कथा का श्रवण किया। भागवत कथा के प्रथम दिन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा विश्वास और समर्पण मनुष्य को हर मुश्किल परिस्थिति से सहजता से बाहर निकाल लेता है। भागवत कथा अनादि काल से भक्तों के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र रही है। इसके माध्यम से भगवान विष्णु और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति और प्रेम की भावना बढ़ती है। शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को सात दिनों तक भागवत कथा का श्रवण कराया था। राजा परीक्षित ने भी पूरे भाव के साथ कथा को सुना और उसका मनन किया। भागवत कथा की महिमा ऐसी है कि आज भी श्रद्धालु इसे सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं और कथा स्थल तक खिंचे चले आते हैं। पंडित मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान का सुमिरन करता है, भगवान उसके अंतःकरण में प्रकट होते हैं। भगवान को छल-कपट प्रिय नहीं है। उन्हें निष्कपट, सरल और सहज मन वाले लोग प्रिय होते हैं। इसलिए भगवान के प्रति मनुष्य को सहज रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति में अपनी बुद्धि का अहंकार नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास होना चाहिए।

# दशहरा उत्सव की तैयारियां जोरों पर, अमन सोनवाने बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा उत्सव तिलक पार्क दशहरा उत्सव समिति, कस्बा सीहोर के तत्वावधान में उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार, 20 सितंबर को तिलक स्कूल परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन एवं युवा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से अमन सोनवाने को दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपस्थितजनों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष बनने के बाद अमन सोनवाने ने सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका वे पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इस वर्ष दशहरा उत्सव को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने का प्रयास किया जाएगा। अमन सोनवाने ने कहा कि समिति के संरक्षक अखिलेश राय एवं सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस वर्ष विशालकाय रावण दहन, ढोल-ताशे, गगनभेदी आतिशबाजी और भगवान श्रीराम की बारात आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी की जिम्मेदारियां भी तय की गईं। इसमें उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर एवं रोहित बोयत, संयोजक प्रदीप यादव, सहसंयोजक अनूप चौधरी, महामंत्री निलेश शाक्य, मंच संचालक महिपाल जैन, सचिव प्रशांत कसोलिया, सहसचिव शुभम शाक्य, कोषाध्यक्ष हनि शाक्य, व्यवस्था प्रभारी छोटू राय, चल समारोह प्रभारी अंकित भावसार, मीडिया प्रभारी कोशिक चावरिया तथा संगठन मंत्री राहुल मालवीय को दायित्व सौंपे गए।

## खबर संक्षेप

### आज होगा बाबा रामदेव का पूजन, अभिषेक व हवन का आयोजन

**भैरूंदा।** नगर में बाबा रामदेव के भादो मेले के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन के मुख्य यजमान अशोक मुकेश चमन राठौर हैं। आयोजन संत श्री दादाजी आश्रम खेड़ापति सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम के अनुसार रविवार रात्रि जागरण एवं भजन संध्या हुई। आज प्रातः बाबा रामदेव जी का पूजन, अभिषेक एवं हवन का आयोजन होंगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे निशान चढ़ाया जाएगा जिसके पश्चात आरती होगी। शाम 7 बजे महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। बाबा रामदेव मेले में गूंजेगी भक्ति की स्वर लहरियांग्राम वासुदेव स्थित बजरंग कुटी में बाबा रामदेव मेले का आयोजन चल रहा है। रविवार की पूर्व संध्या रात्रि 8 बजे से भव्य रात्रि जागरण एवं भजन संध्या हुई। जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भजनों और बाबा रामदेव की भक्ति में सराबोर नज़र आए। आयोजन समिति के अनुसार मेले के अगले दिन बाबा रामदेव जी का हवन-पूजन, महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए मेले का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर बजरंग कुटी परिसर में तैयारियां की जा रही हैं। भजन संध्या में शिव शक्ति जागरण ग्रुप लोहाड़ा के कलाकार सचिन भगत सहित शिव मीणा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं आयोजन में कमलेश मीणा एवं कन्हैया मीणा सहित अन्य सहयोगी भी व्यवस्थाओं में जुटे हैं। आयोजन रमानंद आश्रम, बजरंग कुटी वासुदेव में रखा गया है।

### थाना परिसर में 'हर रविवार—थाना परिवार' अभियान आयोजित

# योग-ध्यान से तनावमुक्त कार्यशैली, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण पर दिया जोर

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबे समय से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



पुलिस बल के स्वास्थ्य, अनुशासन, आपसी समन्वय और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रविवार को थाना, पुलिस चौकियों एवं कार्यालयों में 'हर रविवार—थाना परिवार' अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जहां पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान सत्र में भाग लिया, वहीं मैदानी पुलिसिंग से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत हार्टफुलनेस टीम के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योगासन, प्राणायाम, रिलैक्सेशन एवं सामूहिक ध्यान से हुई। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने कहा कि लगातार तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए योग और ध्यान मानसिक संतुलन बनाए रखने में उपयोगी है। इससे सकारात्मक सोच, निर्णय क्षमता और कार्यकुशलता को बढ़ावा मिलता है। योग सत्र के बाद एसडीओपी ने मैदानी स्टाफ के साथ संवाद करते हुए अपराध, मर्ग, चालान एवं विभिन्न विधिक कार्यवाहियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और विवेचकों को निर्देश दिए कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और प्रकरणों में अनावश्यक देरी न हो।

#### लंबित शिकायतों पर विशेष फोकस

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबे समय से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिकायतों के निराकरण में केवल संख्या पूरी करने के बजाय नियमानुसार कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को संतुष्टिपूर्वक समाधान उपलब्ध कराने पर जोर दिया। महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में जांच पूरी करने तथा पीड़ित पक्ष से समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

#### डिजिटल साक्ष्य, विवेचना पर जोर

वर्तमान पुलिसिंग में तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए ई-साक्ष्य और ई-विवेचना के प्रभावी इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया गया। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो, ऑडियो एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संधारण करने तथा आवश्यकता के अनुसार न्यायालयीन प्रक्रिया में उनका उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विवेचकों को टैबलेट प्रणाली और अन्य डिजिटल टूल्स के नियमित उपयोग के साथ तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों में निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान लंबे समय से फरार आरोपियों एवं लंबित स्थाई वारंटों की भी समीक्षा की गई। ऐसे आरोपियों की तलाश और वारंटों की तामीली के लिए सुनियोजित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं पोर्टल पर दर्ज गंभीर अपराध, एससी/एसटी राहत प्रकरण व नोटिसों में भी समयबद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

#### थाने से लेकर डायल-112 की जांची व्यवस्था

अभियान केवल समीक्षा तक सीमित नहीं रहा। थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के रख-रखाव, हवालात एवं शस्त्रागार की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इसके साथ ही आपातकालीन सेवा डायल-112 वाहनों के तकनीकी रख-रखाव की स्थिति देखी गई और पुलिसकर्मियों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचने तथा रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखने के निर्देश दिए गए। अभियान के माध्यम से पुलिसकर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मैदानी पुलिसिंग, तकनीकी विवेचना, शिकायतों के निराकरण और थाना प्रबंधन को बेहतर बनाने पर एक साथ फोकस किया गया।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने राज्य शिक्षा केंद्र से विद्यालयवार समीक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी अशासकीय विद्यालयों को मिलने वाली फीस प्रतिपूर्ति राशि को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वर्ष 2024-25 और 2025-26 की आरटीई ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति राशि कई विद्यालयों को अब तक नहीं मिलने का दावा किया गया है। इस संबंध में सीहोर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय पटेल ने राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल को पत्र भेजकर लंबित राशि की विद्यालयवार समीक्षा कराने और पात्र विद्यालयों का भुगतान जल्द कराने की मांग की है। मामला केवल भुगतान में देरी तक सीमित नहीं है। पत्र में कहा गया है कि आरटीई के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने वाले अशासकीय विद्यालयों को शासन की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फीस की प्रतिपूर्ति राशि दी जाती है। विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन, भवन, बिजली, शिक्षण सामग्री सहित स्कूल संचालन से जुड़े अन्य खर्च नियमित रूप से उठाते हैं।

ऐसे में प्रतिपूर्ति राशि लंबे समय तक नहीं मिलने से विद्यालयों पर आर्थिक दबाव बढ़ने की बात कही गई है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय पटेल ने राज्य शिक्षा केंद्र को भेजे पत्र में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की लंबित आरटीई ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति राशि का मुद्दा उठाया है। पत्र में उपलब्ध विभागीय विवरण का हवाला देते हुए बताया गया है कि वर्ष 2024-25 के लिए करीब 500 करोड़ रुपये और वर्ष 2025-26 के लिए करीब 520 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान दर्शाया गया है। इसके बावजूद पात्र अशासकीय विद्यालयों को उनकी देय राशि प्राप्त नहीं होने को लेकर पटेल ने विभाग से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। यह राशि वास्तव में कितने विद्यालयों की लंबित है और कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है, इसकी स्थिति विभागीय स्तर पर स्पष्ट होना बाकी है। पत्र में मुख्य रूप से इसी स्थिति की विद्यालयवार समीक्षा कराने की मांग की गई है।

पत्र में कहा गया है कि अशासकीय विद्यालयों को शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन के अलावा भवन, बिजली, शिक्षण सामग्री तथा विद्यालय संचालन से जुड़े अन्य खर्च नियमित रूप से करने पड़ते हैं। आरटीई की प्रतिपूर्ति समय पर नहीं मिलने पर इन खर्चों का भार विद्यालयों को अपने स्तर पर उठाना पड़ता है। इससे विद्यालयों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने का दावा किया गया है। पटेल ने कहा है कि आरटीई के तहत शासन की ओर से निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पात्र विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराने वाले विद्यालयों की प्रतिपूर्ति राशि समय पर मिलना जरूरी है, ताकि स्कूलों के संचालन पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव न आए। लेकिन इस मामले में अधिकारियों का रवैया अड़ियल बना हुआ है।

पत्र में यह भी मांग की गई है कि जिन विद्यालयों की राशि तकनीकी समस्या, सत्यापन, दस्तावेज या पोर्टल से संबंधित कारणों से लंबित है, उनके मामलों की अलग से समीक्षा की जाए। यदि किसी विद्यालय का भुगतान किसी कमी के कारण रोका गया है तो संबंधित विद्यालय को इसकी स्पष्ट जानकारी दी जाए, ताकि आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई जा सके। वहीं जिन विद्यालयों ने पात्रता और जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं, उनकी लंबित राशि का भुगतान जल्द कराने की मांग की गई है। इससे यह भी स्पष्ट हो सकेगा कि भुगतान में देरी का कारण विद्यालय स्तर की प्रक्रिया है या विभागीय स्तर पर कोई मामला लंबित है।

# मेरे सपनों का भारत- छात्राओं ने भाषण और चित्रों में नजर आई विकसित राष्ट्र की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा




वीणांचल अकादमी स्कूल फॉर गर्ल्स में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला एवं एकल भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने विचारों, कल्पनाशीलता और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित, स्वच्छ, शिक्षित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष एवं विद्यालय की उपाध्यक्ष प्रतिभा मकवाना ने की। मुख्य अतिथि आशीष शर्मा रहे, जबकि एल्डरमेन रिषभ जैन और नीतेश पवार की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नसरीन खान, पीआरओ सदाशिव पवार और वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन पवार ने किया।

कार्यक्रम का समन्वय रवि मंगल तथा संचालन की जिम्मेदारी रिक्की अग्रवाल ने निभाई। एकल भाषण प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8) में सुहानी पवार प्रथम, अंजलि पवार द्वितीय और गायत्री शर्मा तृतीय रहीं। वहीं सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) में साक्षी पटेल ने पहला, पावनी पवार ने दूसरा और सुप्रिया पवार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में शिविका पवार (कक्षा 7-बी) प्रथम, आस्था राठौर द्वितीय और परिधि चौधरी तृतीय रहीं। सीनियर वर्ग में राधिका यादव प्रथम, मयूरी सेन द्वितीय तथा हर्षिता कीर तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेयरमैन ने अतिथियों और निर्णायकों का स्मृति-चिह्न देकर सम्मान किया। समापन अवसर पर विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय परिवार ने इसे छात्राओं में राष्ट्रभावना, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल बताया।

# गणेश उत्सव समितियों का विहिप बजरंग दल ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर में गणेश उत्सव के दौरान विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन करने वाली गणेश उत्सव समितियों का विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यकर्ताओं ने समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर उनके आयोजन की सराहना की। इस दौरान नवयुवक गणेश उत्सव समिति शास्त्री कॉलोनी, लालबाग के राजा गणेश उत्सव समिति शास्त्री कॉलोनी, बालाजीपुरम गणेश उत्सव समिति, दाना बाबा मंदिर गणेश उत्सव समिति, बाल गणेश उत्सव समिति नारायण सिटी, राजराजेश्वरी गणेश उत्सव समिति, ऋषि नगर गणेश उत्सव समिति एवं जेपी मार्केट व्यापारी गणेश उत्सव समिति सहित नगर की अन्य समितियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मध्य भारत प्रांत के महाविद्यालय प्रमुख राजा सिसोदिया, बजरंग दल जिला संयोजक राजदीप सोनी, आशीष यादव, भूपेंद्र मालवीय, अंशुल कटारे एवं गौरव दुबे सहित प्रखंड भैरूंदा के कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कहा कि गणेश उत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज को जोड़ने और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराने का अवसर भी है। नगर की विभिन्न समितियां प्रतिवर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजन करती हैं, जिसमें बच्चों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की मौजूदगी रहती है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गणेश उत्सव समितियों का सम्मान उनके द्वारा किए जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक प्रयासों के प्रति प्रोत्साहन है।

# छात्रों की गूंज का इंग्लिशपूरा में कांग्रेस ने किया लाइव टेलीकास्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एजुकेशन हब इंग्लिशपूरा क्षेत्र में मेन रोड पर शनिवार रात राहुल गांधी के इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम का कांग्रेस के द्वारा लाइव टेलीकास्ट किया गया। राहुल गांधी ने करीब एक घंटा 15 मिनट युवाओं से संवाद किया। बड़ी स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट रात 8:30 बजे तक जारी रहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। शहर के इंग्लिश पूरे में हुए लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर बात की। इस दौरान इंग्लिश पूरा भोपाल नाका चाणक्यपुरी अवधपुरी सहित अन्य क्षेत्रों में रहने वाले छात्र-छात्राएं राहुल गांधी को सुनते हुए दिखाई दिए। कांग्रेस नेता कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक छात्र-छात्राएं स्थानीय दुकानदार उपस्थित रहे।

# जल से तन की पवित्रता हो सकती है पर मन की नहीः अभिषेक शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पर्यूषण महापर्व के चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म मंडल विधान पूजा धार्मिक अनुष्ठान श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे प्रातः तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा संगीतमय नित्य नियम पूजन अर्चना कर उत्तम शौच धर्म मंडल विधान धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया तथा तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत के निर्वाण महोत्सव पर श्रध्दालुओ से लाडू चड़ा कर पूजन कर श्रध्दालुओ ने धर्म लाभ अर्जित किया। प्रथम मुख्य शांति धारा हेमलता अजीत कुमार अनिमेष तृप्ति प्राची, काव्यांश द्वितीय विधान कर्त परिवार अशोक कुमार, हेमलता अजीत कुमार, पुष्पा ऋषभ कुमार विल्सन शिखा, कुमारी आभा, गुलशन अर्पणा, भोलू तृप्ति, ईशान ,आयुष, विराज, आरोही यूवीं ,काव्यांश एवं समस्त लिलेहरिया परिवार ने सौभाग्य प्राप्त किया। साथ मे बदामीलाल जी जितेंद्र कुमार, निश्चल, महावीर, आनंद, प्रतीक ,पर्व कुमार परिवार , गुलशन ऋषभ कुमार - अनिमेष अजीत कुमार मुख्य चार इंद्र रजत कलश द्वारा श्रीजी का अभिषेक दीपचंद जैन अंशुल अजय जैन. टोनी विमल कुमार जैन विशाल कुमार विमल कुमार जैन अन्य शांति धारा पुण्य अर्जक परिवार बदामी लाल प्रेम वाई, आशा, प्रेमलता कु. ताशु, प्राशु, निर्मल कुमार रेखा मंडी कमेटी वाले, आयुष, सोनू, शील कुमार. अक्षरा, अक्षत, अंश, अक्षांश, अंकित, दर्श, पार्थ, सचिन, दक्ष, आशा महेंद्र कुमार, सार्थक समर्थ, संजय, पायल जैन आदि ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट



**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

### ग्राम नयापुरा में गणेश उत्सव के दौरान चल रही भागवत कथा

# सुनाई हनुमानजी के बाल प्रसंग की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ग्राम नयापुरा में भगवान शिव शक्ति नंदन, प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश के जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में संगीतमय श्री हनुमंत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस भक्ति, श्रद्धा और आनंद का अद्भुत त्रिवेणी संगम देखने को मिला, जहाँ संपूर्ण क्षेत्र मारुति नंदन के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कथा के प्रथम दिवस कथा वाचक पंडित गणेशानंद महाराज के मुखारविंद से श्री हनुमान जी के दिव्य जन्मोत्सव एवं उनकी अद्भुत बाल लीलाओं का विस्तारपूर्वक गुणगान किया। उपस्थित जनसमुदाय को संदेश दिया कि आज के परिवेश में हनुमान जी के जीवन चरित्र से बालकों और युवाओं को सेवा भाव, नम्रता और ईश्वर भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए।कथा व्यास पंडित गणेशानंद महाराज ने कथा का शुभारंभ करते हुए हनुमानजी के जन्म की पावन कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता अंजनी और केसरी नंदन के घर भगवान शिव के 11वें रुद्र अवतार के रूप में श्री हनुमान जी का प्राकट्य हुआ। महाराज जी ने भावपूर्ण शब्दों में समझाते हुए कहाःहनुमान जी केवल बल के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे ज्ञान, भक्ति, वैराग्य और सेवा के साक्षात पुंज हैं। उनका जन्म ही अधर्म के नाश और प्रभु श्रीराम के काज को सिद्ध करने के लिए हुआ था। बाल हनुमान द्वारा प्रातःकाल उगते हुए भगवान सूर्य को एक मधुर फल समझकर निगलने की प्रसिद्ध लीला का विस्तृत वृत्तांत सुनाया। जब बाल हनुमान सूर्य देव को ग्रहण करने के लिए आकाश की ओर उड़े, तो तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तदोपरांत देवराज इंद्र के वज्र प्रहार से लेकर पवन देव के कोप और पुनः समस्त देवी-देवताओं द्वारा बाल हनुमान को अमरता, अष्टसिद्धि और अतुलित बल का वरदान देने की गाथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे।पंडित गणेशानंदजी महाराज ने अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी में जब मारुति नंदन के जन्मोत्सव और उनकी बाल लीलाओं पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। रामजी चले न हनुमान के बिना इन पावन भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे। संपूर्ण कथा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्री राम व जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों के हृदयों में प्रभु के प्रति अगाध श्रद्धा और अपार उत्साह झलक रहा था।

# सेवा समर्पण के 25 वर्ष की रंगोली ने खींचा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को शहर में सेवा, स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सीवन नदी तट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से तैयार की गई भव्य रंगोली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। सीवन नदी तट पर बनाई गई इस विशेष रंगोली में 'सेवा समर्पण के 25 वर्ष' का संदेश उकेरा गया। वहीं रंगोली के डिजाइन में भारत का नक्शा भी आकर्षक ढंग से बनाया गया। रंगों और कलात्मक संयोजन से तैयार इस रंगोली ने कार्यक्रम में पहुंचे शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। नागरिकों ने रंगोली की सराहना करते हुए इसकी कलात्मकता की प्रशंसा की। इस आकर्षक रंगोली को सुदामा नगर, गंज, सीहोर निवासी मिस सभ्यता चौहान ने तैयार किया।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार कु० हिमांशी परमार पुत्री स्व० गौतम परमार संरक्षिका माता रीना परमार का नाम त्रुटिवश हेमलता परमार HEMLATA PARMAR अंकित था, जिसे मेरी पक्षकार के द्वारा अपने आधार कार्ड को अपडेट कराकर अब हिमांशी परमार HIMANSHI PARMAR करा लिया गया है, जो कि सही है एवं मेरी पक्षकार के द्वारा अपने सभी दस्तावेजो में हेमलता परमार के स्थान पर हिमांशी परमार का नाम अंकित कराया गया है, अतएव अब आगामी रूप से मेरी पक्षकार को हिमांशी परमार के नाम से जाना जावें। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त नाम परिवर्तन/सुधार के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर समुचित दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

अमित कुमार गुप्ता अधिवक्ता
सिविल न्यायालय इछावर
मो.नं. 7987756725

### तीन अन्य गंभीर घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया

# लखमा खेड़ी फंटे के पास ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रॉली को टक्कर मारी, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



दलोदा थाना क्षेत्र में लखमा खेड़ी फंटे के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 12:15 बजे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली सवार 6 साल की बच्ची और 45 साल की महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कई मजदूर घायल हुए हैं। इनमें 18 साल की युवती के दोनों पैर नीचे से कट गए, जबकि तीन अन्य गंभीर घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया है और ट्रक व चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायल मजदूरों के मुताबिक, वे रतलाम जिले के रावटी और आसपास के गांवों के रहने वाले हैं। सभी मंदसौर में रेलवे के काम में मजदूरी कर रहे थे। शनिवार रात करीब 11:30 बजे काम खत्म करने के बाद मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली से उज्जैन के लिए निकले थे। लखमा खेड़ी फंटे के पास पीछे से आए ट्रक ने ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रॉली पलट गई और उसमें बैठे मजदूर सड़क पर जा गिरे। उनका सामान भी सड़क पर बिखर गया।

अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि सूचना रात करीब 12:30 बजे मिली थी। मौके पर पहुंचने के बाद पता चला कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेलवे के मजदूर उज्जैन जा रहे थे। उनके अनुसार ट्रॉली में करीब 20 लोग सवार थे। हादसे में कल्पना पिता विनोद भील (18), निवासी रानीसिंह, गंभीर रूप से घायल हुई हैं। उनके दोनों पैर नीचे से कट गए। उन्हें रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इसके अलावा 4 साल के बच्चे और 8 साल के बच्चे के पैरों में फ्रैक्चर हुआ है। दोनों को भी रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जिला अस्पताल में भर्ती चंचल पिता संजय भील (18) के पैर में फ्रैक्चर के साथ सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। नीरू पिता तेर सिंह भील (14) की कमर में फ्रैक्चर है। शंकर पिता गलिया भील (26), सविता पति राहुल भील (20) और सोनू पति अब्बू लाल भील (28) का भी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अन्य घायलों में राहुल (23), सुरपाल (15), लीला (26), आशा (5), गोपाल (18), मनीष (19), पूजा (10), करण (7) और पप्पूडी (30) शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतकों की पहचान रतलाम जिले के रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम लासिया निवासी बसंती पति पेरू भील (45) और ग्राम मोटूका निवासी 6 वर्षीय बच्ची के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया है। हादसे में शवों को गंभीर चोटें आई थीं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एसडीएम, तहसीलदार और दलोदा थाना प्रभारी समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे। अपर कलेक्टर र अस्पताल पहुंचीं और घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उन्होंने गंभीर घायलों के इलाज को लेकर डॉक्टरों से चर्चा की। प्रशासन ने घायलों को जरूरी उपचार उपलब्ध कराने की बात कही है। दलोदा थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप डांगी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रक और चालक की तलाश कर रही है। दो लोगों की मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

घायल राहुल ने बताया कि वे सभी मंदसौर में रेलवे के काम के लिए मजदूरी करने आए थे। शनिवार रात काम खत्म करने के बाद उज्जैन जा रहे थे। दलोदा के पास पीछे से आए ट्रक ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी पत्नी समेत कई लोग घायल हो गए। घायल चंचल और सोनू ने भी बताया कि वे रतलाम जिले के रावटी क्षेत्र के रहने वाले हैं। कुछ मजदूर करीब एक साल से मंदसौर में काम कर रहे थे, जबकि कुछ 4-5 महीने और कुछ करीब एक महीने पहले यहां आए थे। मजदूरों के अनुसार, अधिकांश लोग आपस में रिश्तेदार हैं।

### अखाड़े के पहलवान दिखाएंगे हैरतअंगेज करतब

## श्री सनातन धर्म मंडल की अगुवाई में मनाया जाएगा डोल ग्यारस का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर

**22 समाजों के मंदिरों से निकाले जाएंगे भगवान जी बेवान**

आगामी 22 सितंबर को नगर भानपुरा में परंपरागत रूप से श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा की अगुवाई एवं नगर परिषद भानपुरा के सहयोग से ढोल ग्यारस का पर्व पूरे उल्लास एवं उत्साह के साथ धार्मिक परंपराओं के तहत मनाया जाएगा। नगर के सकल हिंदू समाज के 22 मंदिरों से भगवान जी के बेवान/ ढोल, बैंड बाजे एवं ढोल की थाप के साथ व श्री राम द्वारा व्यायाम शाला व श्री श्री सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के दोनों अखाड़े के पहलवानों के हैरतअंगेज करतबों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से शनि मंदिर राज घांट रेवा नदी पर पहुंचेंगे। राजघांट स्थिति रेवा नदी में बेवान जी में विराजे भगवान के स्नान के पश्चात यहां शनि मंदिर परिसर में श्री सनातन धर्म मंडल की अगुवाई एवं नगर परिषद भानपुरा के सहयोग से सभी बेवान जी का पूजन व आरती के साथ दोनों अखाड़ों के पहलवानों द्वारा अखाड़ा भी खेला जाएगा।

दोनों अखाड़े के उस्ताजों व परंपरागत रूप से पदाधिकारियों के साफे बंधवाये जातें व सम्मान किया जाता है साथ ही झंडा गान के साथ सभी बेवान जी की सामूहिक आरती कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लगभग 90 वर्षों से श्री सनातन धर्म मंडल की अगुवाई में जल झूलनी ढोल ग्यारस बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है तथा वर्षों से नगर परिषद का भी इसमें सहयोग प्राप्त होता है, आयोजन में हजारों की संख्या में नगर के महिला पुरुष युवा बच्चे एवं विभिन्न समाजों तथा संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्य शामिल होते हैं। इस हेतु 17 सितंबर को नगर के स्वर्णकार समाज के मंदिर में सर्व समाज की बैठक जल झूलने डोल ग्यारस को मनाए जाने की तैयारियों को लेकर संपन्न हुई। बैठक श्री सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान की अगवाई एवं विभिन्न समाजों के अध्यक्ष/ सचिवों व पदाधिकारीयों की उपस्थिति में आयोजित की गई। आगामी जल झूलनी ग्यारस को लेकर बैठक पंजाबी समाज के श्री राम मंदिर पर आयोजित की जाएगी यह भी निर्णय लिया गया। जल झूलनी ग्यारस के पूर्व नगर परिषद द्वारा रेवा नदी के घाटों व मंदिर परिसर की साफ सफाई एवं पुताई की गई।

## पर्युषण पर्व के समापन व सिद्धी तप की तपस्या पूर्ण होने के अनुमोदनार्थ भव्य वरघोड़ा जुलुस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के समापन एवं तपस्वी अविश नाहटा व नरेश जैन के 45 दिवस की सिद्धी तप की तपस्या के अनुमोदनार्थ रविवार को श्री आराधना भवन जैन श्रीसंघ के द्वारा लाभार्थी परिवार के सहयोग से प्रभु पार्श्वनाथजी की रथयात्रा व तपस्वियो का वरघोडा (जुलुस) निकाला गया। बैण्ड बाजे के साथ नईआबादी स्थित आराधना भवन मंदिर से प्रारंभ हुआ यह चल समारोह श्री श्रेयांसनाथ मंदिर, गोल चोराहा, नयापुरा रोड होते हुये माहेश्वरी भवन पहुँचा। 45 दिवस की सिद्धीतप की तपस्या पूर्ण करने वाले अविश नाहटा व नरेश जैन इस जुलुस में बग्गी पर विराजमान हुये तथा श्रीसंघ से जुड़े परिवारों ने इस चल समारोह में सहभागिता करते हुये दोनो तपस्वियो के डेढ़ माह की अदभूत तपस्या की अनुमोदना की। आचार्य श्री सागरचन्द्रसागरजी म.सा. आदि ठाणा 11 जैन संत मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 व साध्वी श्री शीलरेखा श्रीजी म.सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में निकले इस चल समारोह में आराधना भवन जैन मंदिर से जुड़े परिवारजन बड़े उत्साह के साथ शामिल हुये और उन्होने तपस्या की अनुमोदनार्थ व पर्युषण पर्व के समापन की प्रसन्नता में नृत्य भी किया। इस जुलुस में शामिल प्रभुजी के रथ की जगह जगह गहुली भी की गयी। आराधना भवन जैन मंदिर से जुड़े परिवारजन बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए और उन्होनें तपस्या की अनुमोदनार्थ व पर्युषण के समापन की प्रसननता में नृत्य भी किया। इस जुलूस में शामिल प्रभुजी केरथ की जगह-जगह गहुली भी की गई। आराधना भवन जैन मंदिर से जुड़े महिला की श्राविकाओ ने सिर पर कलश रखकर पूरे अनुशासन भाव से जुलुस में भागीदारी की। यह चल समारोह माहेश्वरी धर्मशाला पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ यहाँ दोनो तपस्वियो का श्रीसंघ, चातुर्मास समिति, एवं कई जैन संस्थाओ ने शाल श्रीफल भेटकर बहुमान किया।

### तालोद पंचायत में कथित अनियमितताओं को लेकर उप सरपंच ने खोला मोर्चा

## सीईओ जनपद आलोट को आवेदन देकर पंचायत के कार्यों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल



जनपद पंचायत आलोट की ग्राम पंचायत तालोद में कथित अनियमितताओं और पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर उप सरपंच अंजय सिंह पंवार ने जनपद पंचायत आलोट के सीईओ को लिखित शिकायत प्रस्तुत कर विभिन्न मामलों की जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में उप सरपंच पंवार ने सरपंच, पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के संबंध में आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत कार्यालय में अक्सर ताला लगा रहता है तथा सचिव एवं रोजगार सहायक के नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए परेशान होना पड़ता है। शिकायत में ग्राम तालोद में स्वीकृत रिचार्ज प्वाइंट के कार्यों का भी उल्लेख किया गया है। उप सरपंच का आरोप है कि स्वीकृति के बावजूद संबंधित स्थानों पर अभी तक कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं लगभग 15 माह पूर्व बनाए गए सीसी रोड के क्षतिग्रस्त होने पर भी सवाल उठाते हुए इसकी गुणवत्ता एवं निर्माण में हुए व्यय की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने पूर्व में इसी सीसी रोड को लेकर ग्रामीण शिवम बामनिया द्वारा की गई शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि मामले में जांच दल ने मौके का निरीक्षण किया था। शिकायत में दावा किया गया है कि उस समय कार्य में अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी, जबकि सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर निष्पक्षता को लेकर सवाल उठे थे। इसके अलावा ग्राम पंचायत तालोद के खेड़ा नयाखेड़ा में सांसद निधि से स्वीकृत करीब 8 लाख रुपये के टीन शेड के निर्माण की गुणवत्ता की भी जांच किए जाने की मांग की गई है। उप सरपंच ने पिछले चार वर्षों में ग्राम पंचायत तालोद में कराए गए समस्त विकास कार्यों एवं उनके भुगतान की जांच कराने तथा शिकायत में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की मांग जनपद सीईओ से की है।

**इनका कहना है...**

जो भी आरोप ग्राम पंचायत के उप सरपंच के द्वारा लगाए गए हैं अगर उनको ऐसा लग रहा है तो पंचायत की जांच करवा लें। मेरे द्वारा किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं की गई है। मेरा स्वास्थ्य खराब रहता है। मैं पंचायत बहुत कम जाता हूं।
सत्यनारायण व्यास सचिव पंचायत, तालोद

## मां तुझे प्रणाम योजना में राजगढ़ के तीन युवाओं का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मप्र शासन की मां तुझे प्रणाम' योजना के तहत राजगढ़ जिले के तीन युवाओं आनंद शर्मा, राजमोहन नरवरिया एवं बंटी विश्वकर्मा का चयन हुआ है। चयनित युवा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं चांचाई फाल का भ्रमण करेंगे। योजना के माध्यम से युवाओं को प्रदेश की प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के साथ ही प्रकृति, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अवसर मिलता है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अपनी समृद्ध जैव विविधता और वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं चांचाई फाल मध्यप्रदेश के प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में शामिल है। ये तीनों चयनित युवा सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी सक्रियता के चलते पहचान रखते हैं। विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों में उनकी भागीदारी रही है। इनके चयन पर जिला संगठक डॉ. शैलेन्द्र कुमार मेवाड़ा एवं प्राचार्य वी.बी. खरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने का अवसर मिलता है। चयनित युवाओं ने इस अवसर के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा उन्हें मध्यप्रदेश की प्राकृतिक संपदा को करीब से जानने और पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर प्रदान करेगी।

## पर्यूषण पर्व के समापन के बाद जैन समाज ने नगर में निकाली चैत्य परिपाटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा आठ दिवसीय पर्यूषण पर्व के सानंद समापन के बाद रविवार को श्री चन्द्रप्रभु जिन मंदिरजी से गुदरावन मार्ग स्थित श्री पार्श्वकुशल जिन मंदिर दादावाड़ी तक चैत्य परिपाटी निकाली गई। इस अवसर पर सम्मेद शिखर तप की तपस्विनी वर्षा ललवानी का भव्य वरघोड़ा भी साथ में निकाला गया। नगर में चातुर्मास हेतु विराजित राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 की पावन निश्रा में चंदा प्रभु जी जैन श्वेतांबर मंदिर जी से रविवार प्रातः 8 बजे बैंड बाजे के साथ चैत्य परिपाटी निकाली गई।

चैत्य परिपाटी में साध्वी मंडल के साथ सकल श्री संघ साथ चल रहा था वही एक सुसज्जित बगी में लाभार्थी हिम्मतमल रमेशचंद फाफरिया परिवार से सुनीता फाफरिया तथा सम्मेद शिखर तप की तपस्विनी वर्षा ललवानी को बिठाया गया था। प्रमुख मार्ग से चैत्य परिपाटी गुदरावन मार्ग स्थित श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी तक पहुंची जहां पर सामूहिक देव वंदन के साथ स्नात्र पूजन कर प्रभु जी को छाप चढ़ाई गई। लाभार्थी फाफरिया परिवार द्वारा श्री संघ की नवकारसी का कार्यक्रम भी रखा गया। राजगुणा श्रीजी म.सा आदि ठाणा 4 की पावन प्रेरणा तथा निश्रा में नवकार महामंत्र की 9 दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन भी श्रीसंघ में होने जा रहा है।



## नेत्र जांच शिविर में 65 मरीजों की हुई जांच, 6 का ऑपरेशन के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सर्व कल्याण नलखेड़ा श्री राजीव लोचन धार्मिक समिति नलखेड़ा एवं शंकर आई सेंटर इंदौर के सौजन्य से रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 65 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमे से 6 मरीजों की आंखों के मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन हेतु चयन कर उन्हें बस द्वारा श्री शंकरा आई सेंटर ले जाया गया। जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन कर पुनः नलखेड़ा छोड़ा जाएगा।

## नाबालिग से दुराचार के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



एक नाबालिग से दुराचार के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इसके साथ ही आरोपी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। न्यायालय ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। भारसाधक एडीपीओ डॉली गुप्ता ने बताया कि 20 अक्टूबर को मलावार क्षेत्र की पीड़िता पानी भरने गई हुई थी। जब वो वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाश करने पर भी न मिलने पर पीड़िता की माता और भाई ने मलावर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई वहीं एक युवक महेंद्र पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जताया। इस आधार पर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना की और पीड़िता के पास मिली जिसे दस्तयाब किया गया और उसके कथन करवाते हुए आरोपी महेंद्र पर पॉक्सो अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकरण में प्रथम अपर सत्र न्यायालय रजनी प्रकाश बाथम ने आरोपी महेंद्र को 20 वर्ष का कठिन कारावास एवं 10 हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया ।

## व्यवस्थाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



आगामी धार्मिक पर्वों को लेकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग को लेकर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे को ज्ञापन सौंपा गया। समिति अध्यक्ष धुरव भल्ला के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में गणेश उत्सव के अंतर्गत होने वाले डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी एवं आगामी दशहरा पर्व के दौरान नगर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई। समिति ने पर्वों के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम समय रहते करने की मांग रखी। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, ऐसे में नगर पालिका द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही हिन्दू उत्सव समिति ने अनंत चतुर्दशी पर्व को भव्य स्वरूप देने की अपील करते हुए नगर के विभिन्न शासकीय विभागों, कार्यालयों, सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों से अधिक से अधिक आकर्षक झांकियां निकालने का निवेदन किया। समिति ने नागरिकों से भी पर्व को उत्साह, धार्मिक भावना और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

### विधायक ने सीसी निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा

## भगवान देवनारायण की विशाल शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



भगवान देवनारायण जन्मोत्सव नगर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान देवनारायण की 34वीं विशाल शोभायात्रा भव्यता के साथ निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व भगवान देवनारायण मंदिर में विशेष श्रृंगार कर आकर्षक झांकी शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी। इस अवसर पर भगवान देवनारायण मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा शुरुआत हुई जिसमें भगवान देवनारायण , साडू माता का विशेष श्रृंगार कर आकर्षक झांकी शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी और घोड़ी पर सवार होकर पंडित विष्णु गुर्जर हाथ में भगवान श्री देव की ध्वजा पताका लेकर चल रहे थे! वही शिवशक्ति गुर्जर अखाड़ा के कलाकारों ने एक से एक अनेकों हैरत अंग्रेज करतब दिखाकर लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। शोभा यात्रा में इस बार खिलचीपुर से वीर शिवाजी व्यायाम शाला दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने तलवार बाजी लट बाजी जैसे करतब दिखाकर यह साबित कर दिया कि बालिका भी किसी से कम नहीं है , वर्तमान समय में वह भी अपनी सुरक्षा खुद कर सकती है! आसपास गांव से गुर्जर बंधुओं ने घोड़ियों का नृत्य दिखावा जो लोगों का ध्यान आकर्षित मनमोहक लग रहा था! साथ ही डीजे पर भगवान देवनारायण के भजनो पर देव भक्त जमकर नाचे गाते थिरकते हुए हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में रसमय हो कर चल रहे थे। शोभायात्रा भगवान देवनारायण मंदिर से शुरू हुई जो भ्रमण करती अटल चौक से सीधी भगवान देवनारायण मंदिर पहुंची। महाआरती के साथ समापन हुआ। समाज बंधु भंडावद रोड स्थित गुर्जर धर्मशाला पहुंचे जहां विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य यशवंतसिंह गुर्जर, फुल सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि वरिष्ठ जन, गुर्जर समाज के बंधु शामिल हुए।

## चित्रकला, भाषण में विजेताओं को शील्ड प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कुरावर मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकलाओं का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। भाषण प्रतियोगिता में 28 तथा चित्रकला प्रतियोगिता में 52 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष हृदेश चंद्रवंशी, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, मंत्री राकेश मीणा, कार्यक्रम सहप्रभारी सुनील वकील एवं बूथ अध्यक्ष रामनारायण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विधायक कार्यक्रम में शामिल हुए



**आष्टा।** श्री श्वेताम्बर जैन समाज के संपन्न हुए आठ दिवसीय पर्युषण पर्व के समापन पर श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला आष्टा पर श्री श्वेताम्बर जैन श्री संघ द्वारा सामूहिक क्षमा वाणी पर्व का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी शामिल हुए। सामूहिक क्षमा वाणी पर्व को संबोधित करते हुए सर्व प्रथम किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजित मुनि संघ, साध्वी भगवंत के चरणों में नमन कर वंदन किया और आशीर्वाद लिया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सामूहिक क्षमावाणी पर्व को संबोधित करते हुए कहा कि गलतियां सभी से होती है लेकिन उन गलतियों के प्रति क्षमा मांगना और क्षमा करना यह केवल वीरों का ही काम है। विधायक होने के कारण रोजाना मेरे पास क्षेत्र के सभी नागरिक कार्य हेतु आते हैं, कईयों के कार्य हो जाते है,कईयों के नही हो पाते है,जिनके कार्य नही हुए वो मेरी गलती है और इस पुनीत अवसर पर में उन सभी से मन से वचन से कर्म से क्षमा याचना करता हु ओर विश्वास दिलाता हूं कि जिनके कार्य नही हुए उन सब के भी कार्य होंगे। मुझे श्री श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित क्षमावाणी पर्व पर यह सुअवसर मिला है कि में आप सब से विगत वर्ष में, ज्ञात एवं अज्ञात सभी भूलो गलतियों के क्षमा मांगू। आप सब मुझे माफ़ करेंगे और आशीर्वाद प्रदान करेंगे। क्षमावाणी कार्यक्रम में पहुचे विधायक का श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा के नेतृत्व में श्रीसंघ की ओर से स्वागत सम्मान किया।

### नि:शुल्क कैंसर प्रशिक्षण संपन्न, शिविर में 465 नागरिकों ने लिया लाभ

# खान-पान में केमिकल्स की मिलावट कैंसर का मुख्य कारण: डॉ अर्चना सोनी

56 महिलाओं की हुई मैमोग्राफी, 2 में स्तन कैंसर की हुई पुष्टि, 135 महिलाओं की पैप स्मियर तथा 10 महिलाओं की कॉल्पोस्कोपी की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्षेत्र के नागरिकों को महानगरों जैसी उच्चस्तरीय चिकित्सीय सुविधाएं और गंभीर बीमारियों से बचाव की जागरूकता उपलब्ध कराने की दिशा में केयर हॉस्पिटल आष्टा ने एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। आष्टा के गायत्री मंदिर परिसर में केयर हॉस्पिटल आष्टा संचालिका डॉक्टर अर्चना सोनी के अथक प्रयासों एवं सौजन्य से इनर व्हील क्लब तथा अल्फा पैथोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (इंदौर) द्वारा निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि केयर हॉस्पिटल केवल एक चिकित्सा संस्थान नहीं, बल्कि आष्टा की जनता के स्वास्थ्य का एक सच्चा प्रहरी है।

#### नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने किया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, नगर भाजपा अध्यक्ष अंजली विशाल चौरसिया, डॉ. जीडी सोनी, केयर अस्पताल की संचालिका डॉ. अर्चना जीडी सोनी, बीएमओ डॉ. अमित माथुर, अरविंदो अस्पताल इन्दौर के डॉ. दानिश, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमति सुनीता सोनी, तथा अल्फा पैथोलॉजी के डॉ. राहत अली सहित गणमान्य नागरिकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों, शिविर में उपस्थित सभी पत्रकारों का केयर हॉस्पिटल परिवार की ओर से विशेष स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

#### विधायक ने नशे से दूर रहने की दी सलाह

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आयोजकों को हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह जनहित का एक अभूतपूर्व कार्य है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कैंसर के कारणों से बचें जर्दा, गुटखा, पाउच, बीड़ी, सिगरेट और नशे के सभी साधनों से दूर रहें तथा पॉलीथिन एवं प्लास्टिक का पूर्ण रूप से बहिष्कार करें। कार्यक्रम में डॉ. दानिश, डॉ. अमित माथुर, रायसिंह मेवाड़ा, दीक्षा गुणवान, अंजली चौरसिया और सुनीता सोनी ने भी अपने विचार रखे और नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

#### समय पर की गई छोटी सी जांच बड़ी बीमारी से बचा सकती है: डॉ. अर्चना सोनी

शिविर के दौरान केयर हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. अर्चना जीडी सोनी ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समय पर की गई छोटी सी जांच कई बार बड़ी बीमारी से बचाव की संजीवनी साबित होती है। उन्होंने खान-पान में केमिकल्स की मिलावट को कैंसर का मुख्य कारण बताया और जनता को आगाह किया कि प्लास्टिक की बोतलों में पानी बिल्कुल न पिएं। प्लास्टिक के बर्तनों में खाद्य सामग्री का भंडारण न करें। महिलाओं को स्तन में गांठ, असामान्य परिवर्तन या लगातार सफेद पानी जैसी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि केयर हॉस्पिटल हमेशा से क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने और महानगरों जैसी चिकित्सा सुविधाएं उनके घर-द्वार पर उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध रहा है। इस स्वास्थ शिविर में आष्टा की दो डॉक्टर बेटियां डॉ अनमोल सोनी एवं डॉ अलबीना राहत अली भी पहली बार सेवा देती हुई नजर आई।

#### सफलता के पीछे की अदम्य इच्छाशक्ति

इस स्वास्थ्य महाकुंभ को धरातल पर उतारने के पीछे केयर हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. अर्चना जीडी सोनी की अदम्य इच्छाशक्ति, उत्कृष्ट प्रबंधन और रात-दिन की कड़ी मेहनत शामिल है। एक कुशल चिकित्सक और समाजसेविका के रूप में उनका सपना आष्टा के हर नागरिक विशेषतः महिलाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखना है। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अतुल उपाध्याय ने किया तथा अंत में डॉ. जीडी सोनी ने सभी चिकित्सक दल, अरविंदो अस्पताल के 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों व 18 स्टाफ सदस्यों, सहयोगी संस्थाओं, स्थानीय पत्रकारों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# नगर के युवा संगठन ने दिया हरियाली, संरक्षण और यातायात जागरुकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के साथ नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की दिशा में आष्टा युवा संगठन ने एक अनूठी और सराहनीय पहल की है। संगठन के सदस्यों ने कॉलोनी चौराहे पर अनुपयोगी पड़ी प्लास्टिक की खाली टंकियों का उपयोग गमलों के रूप में करते हुए उनमें पौधे एवं वृक्ष लगाए हैं।

पौधों की सुरक्षा के लिए इनके चारों ओर आकर्षक लोहे के ट्री-गार्ड भी लगाए गए हैं। इस पहल की खास बात यह है कि संगठन ने केवल पौधारोपण तक सीमित न रहते हुए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाई है। आवारा पशुओं से पौधों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ट्री-गार्ड लगाए गए हैं। इससे चौराहे पर हरियाली बढ़ने के साथ-साथ शहर के सौंदर्य में भी निखार आया है।

#### हरियाली के साथ जागरुकता का संदेश

संगठन द्वारा सड़क किनारे लगाए गए इन पौधों और ट्री-गार्ड पर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ यातायात नियमों से जुड़े जागरूकता संदेश लिखे जाने की पहल भी की जा रही है। इन संदेशों के माध्यम से वाहन चालकों और राहगीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। ट्री-गार्ड पर हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें, सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा है, धीमी गति, सुरक्षित यात्रा, ट्रैफिक नियमों का पालन करें, लाल बत्ती पर रुकें तथा पौधा लगाएं ही नहीं, उसे बचाएं भी जैसे संदेश लोगों का ध्यान आकर्षित करेंगे।

#### पौधे बचाना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी

आष्टा युवा संगठन के अध्यक्ष आनंद गोस्वामी ने कहा कि पौधा लगाना केवल पहला कदम है, उसे पेड़ बनने तक सुरक्षित रखना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ संगठन द्वारा पौधारोपण के साथ उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग कर शहर को हरा-भरा बनाने के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी इस पहल का उद्देश्य है। युवाओं की सकारात्मक भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्य आगे भी जारी रहेंगे। आष्टा युवा संगठन की इस पहल ने यह संदेश दिया है कि थोड़ी सी रचनात्मक सोच से अनुपयोगी वस्तुओं को भी उपयोगी बनाया जा सकता है। खाली पड़ी टंकियों को गमलों के रूप में उपयोग कर उनमें पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाना पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी सुंदर उदाहरण है। स्थानीय युवाओं की इस पहल से न केवल शहर के सार्वजनिक स्थानों पर हरियाली बढ़ेगी, बल्कि नागरिकों में पौधों की देखभाल, स्वच्छता और यातायात नियमों के पालन को लेकर भी जागरूकता बढ़ेगी। संगठन की यह पहल अन्य नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं को भी सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण कर उनकी जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित कर रही है।

# कुशवाहा समाज के आराध्य भगवान लव-कुश जन्मोत्सव पर 28 को निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कुशवाहा समाज के आराध्य भगवान लव-कुश जन्मोत्सव के अवसर पर कुशवाहा समाज सीहोर के तत्वावधान में आगामी 28 सितंबर को सीहोर में चल समारोह एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आमंत्रण को लेकर लव-कुश जयंती समिति के अध्यक्ष बलराम कुशवाहा अपनी कार्यकारिणी के साथ आष्टा पहुंचे और परसराम कॉम्प्लेक्स स्थित कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद के कार्यालय पर समाजबंधुओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

लव-कुश जयंती समिति अध्यक्ष बलराम कुशवाहा ने बताया कि भव्य चल समारोह 28 सितंबर सोमवार को सुबह 10:30 बजे भोपाल नाका, सीहोर से प्रारंभ होकर लव-कुश चौराहा, माता मंदिर होते हुए सुंदर गार्डन, सीहोर पहुंचेगा। यहां भगवान लव-कुश जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कुशवाहा समाज जिला सीहोर अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने लव-कुश जयंती समिति अध्यक्ष बलराम कुशवाहा का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया। साथ ही समिति के संयोजक रामचंद्र पटेल पूर्व पार्षद, मनोहर लाल कुशवाह पूर्व अध्यक्ष, सनन कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण पटेल, अर्जुन कुशवाहा, मनोहर कुशवाहा आढ़तिया, दीपक कुशवाहा, छोटू कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारियों का भी पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कुशवाहा समाज जिला सीहोर अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने कहा कि भगवान लव-कुश कुशवाहा समाज के आराध्य एवं हमारे गौरव के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें धर्म, संस्कार, साहस, कर्तव्य और समाज के प्रति समर्पण का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज की नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है।उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के साथ समाजहित में कार्य करते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत और संगठित समाज का निर्माण करना है। धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और समाजसेवा के क्षेत्र में भी सभी समाजबंधुओं को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सीहोर में आयोजित होने वाला भगवान लव-कुश जन्मोत्सव एवं भव्य चल समारोह पूरे समाज के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने सभी समाजबंधुओं को लव-कुश जयंती एवं जन्मोत्सव की अग्रिम बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया।इस अवसर पर कुशवाहा समाज पटेल जगदीश कुशवाहा, प्रांतीय कुशवाहा समाज युवा जिलाध्यक्ष रवि कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष आष्टा राजकुमार कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, ऋषि कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, केतन कुशवाहा, पूर्व पटेल किशोरी लाल कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, राज कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।अंत में कुशवाहा समाज जिला सीहोर अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने लव-कुश जयंती समिति के पदाधिकारियों एवं उपस्थित सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया और आयोजन की सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### उपार्जन के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर तक

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 15 सितम्बर से शुरू हो रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों, पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

# युवाओं और छात्रों ने चौराहे पर देखा सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



इंदौर में शनिवार को आयोजित 'छात्रों की गूंज, शिक्षा हक है हमारा' कार्यक्रम का बुधनी में भी सीधा प्रसारण किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से महाराणा प्रताप चौक पर प्रोजेक्टर स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं,युवा, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक चौराहे पर पहुंचे इंदौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने युवाओं और छात्रों से शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया नगर में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के दौरान युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया मौजूद लोगों ने प्रोजेक्टर स्क्रीन पर राहुल गांधी का संबोधन सुनाइस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश सोनू राजपूत, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, मंडलम अध्यक्ष राकेश यादव, नगर अध्यक्ष कपिल मल्होत्रा,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे लक्की, प्रमोद चौहान, हेमंत वर्मा, रिंकू दुबे, प्रेम वर्मा, गिरीश पांडे, सुशील मीना, बृजलाल बानिया, राजकुमार ठाकरे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे ने बताया कि 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर सामने लाने का प्रयास किया गया है इसी उद्देश्य से नगर में इंदौर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, ताकि स्थानीय युवा और आम नागरिक भी कार्यक्रम से जुड़ सकें और छात्रों से संबंधित मुद्दों पर होने वाले संवाद को सुन सकें।

### सीवन पुत्र टीम ने किया वादा, सीवन-पार्वती संगम धाम को दिलवाएंगे विश्व प्रसिद्धि

# संगम धाम से गूंजा नदी संरक्षण का संदेश, दिलाया स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



चलो सीवन-पार्वती संगम धाम अभियान के तहत सीवन पुत्र टीम महिला घाट, सीहोर से मनाखेड़ा स्थित पावन सीवन-पार्वती संगम धाम के लिए रवाना हुई। इस दौरान नदी संरक्षण, स्वच्छता और देशभक्ति के संदेशों से वातावरण गूंजता रहा।

अभियान की शुरुआत महिला घाट पर मां सीवन की पूजा-अर्चना से हुई। टीम के सदस्यों ने मछलियों को दाना डाला और मां सीवन का आशीर्वाद लेकर संगम धाम की ओर प्रस्थान किया। यात्रा के दौरान भारत माता और नदियों के संरक्षण से जुड़े नारे लगाए गए। ढोल-नगाड़ों के साथ जब सीवन पुत्र टीम मनाखेड़ा पहुंची तो ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और टीम के साथ संगम धाम तक पहुंचे।

#### बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने लिया संकल्प

संगम धाम पहुंचने के बाद सीवन पुत्र टीम के साथ गांव के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता का संकल्प लिया। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने सभी को नदी संरक्षण और स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद संगम धाम पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पहली बार मां सीवन-पार्वती संगम धाम पर 25 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई गई। चुनरी चढ़ाने में फकीर मोहम्मद ने सहयोग किया और नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक चुनरी लेकर पहुंचे।

#### देशभक्ति के गीतों से गूंजा संगम धाम

पूजा के बाद संगम धाम पर देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुतियां हुईं। अशोक नामदेव ने "न हिन्दू तू बनेगा, न मुसलमान बनेगा" गीत प्रस्तुत कर माहौल में जोश भर दिया। इसके बाद वैभव राठौर ने "हे रीत जहां की प्रीत सदा" गीत प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।

#### पार्वती पुत्रों को दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान पार्वती नदी के संरक्षण के लिए "पार्वती पुत्र" के रूप में ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई और उनका सम्मान किया गया। इसी अवसर पर रिटायर्ड आर्मी के सीवन पुत्र गोपाल आर्य का भी स्वागत किया गया। इस दौरान पार्वती पुत्रों ने नदी संरक्षण को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। महमूद अली ने कहा कि "नदियां जन्म देने वाली मां से भी बढ़कर हैं। नसीब पटेल ने कहा कि जिन में नदियां है उनमें खुशहाली है,नदियों को साफ़ सुथरी रखना हमारा कर्तव्य होता है । ग्रामीणों ने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उनके गांव में मां सीवन और मां पार्वती का पावन संगम है और इसी कारण गांव में खुशहाली बनी हुई है।

#### वरिष्ठ ग्रामीणों का किया सम्मान

इस अवसर पर वरिष्ठ सीवन पुत्र वीरेंद्र सिंह बिसौरिया, जितेंद्र राठौर, सतीश सीठा और मुकेश राय ने वरिष्ठ ग्रामीणों का स्वागत किया। संगम धाम पर पूजा-अर्चना में लक्ष्मण सिंह चौकसे, राधेश्याम मकवाना, संतोष मेवाड़ा, जितेंद्र राठौर, हरिचरण दादा एवं कनीराम मालवीय ने सहभागिता की। कार्यक्रम में गोपाल आर्य, वीरेंद्र सिंह बिसौरिया, प्रदीप साबू, जितेंद्र राठौर, सतीश सीठा, कैलाश चव्हाण, राधेश्याम मकवाना, कनीराम मालवीय, लक्ष्मण सिंह चौकसे, मुकेश राय, संतोष मेवाड़ा, हरिचरण दादा,सुनील राठौर, योगेंद्र राय, नसीब पटेल, महमूद पटेल, असलम खान, फकीर मोहम्मद, फारुक पटेल, शकील अली, शाहरुख पटेल, शाहिद अली, अनीस खान, प्रकाश यादव, जगदीश वर्मा, कमल केवट, सचिन प्रजापत, धर्मेंद्र खत्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सीवन पुत्र मौजूद रहे। सीवन-पार्वती संगम धाम से दिया गया यह संदेश केवल एक आयोजन तक सीमित न रहकर नदियों को स्वच्छ रखने, उनके संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए जलधाराओं को सुरक्षित रखने का संकल्प बन गया।

# ई-स्कूटी ने खोली राधिका की उच्च शिक्षा की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के निपानिया कलां स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा राधिका वर्मा ने विद्यालय में टॉप कर मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का लाभ प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राधिका को ई-स्कूटी प्रदान की। स्कूटी मिलने से राधिका उत्साहित है और इसे अपनी उच्च शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी सौगात मानती है।

राधिका का कहना है कि कॉलेज की पढ़ाई के लिए प्रतिदिन आने-जाने में होने वाली परेशानी अब काफी हद तक दूर हो जाएगी। ई-स्कूटी से वह समय पर कॉलेज पहुंच सकेगी और आवागमन में लगने वाला समय बचाकर पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पाएंगी। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन का साधन उच्च शिक्षा जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का प्रभाव केवल आवागमन की सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्राओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत कर रही है। राधिका के लिए ई-स्कूटी उच्च शिक्षा के अगले पड़ाव तक पहुंचने का माध्यम बनी है। इससे नियमित कॉलेज जाने, पढ़ाई जारी रखने और अपने भविष्य के लक्ष्य हासिल करने की राह आसान हुई है। योजना से मिलने वाली ऐसी सुविधा मेधावी विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का माध्यम भी बन रही है। ई-स्कूटी मिलने पर राधिका वर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल उनके जैसे विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई जारी रखने और आत्मनिर्भर बनने में मददगार है। राधिका ने कहा कि वह इस सुविधा का उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी शिक्षा और बेहतर भविष्य बनाने के लिए करेंगी।